दैनिक प्रकाशन के 40 साल सफ़र बेमिसाल

# चिंगारी

संस्थापकः बाबू सिंह चौहान

भली लगे या बुरी.. बात कहे खरी

बिजनौर : रविवार, 26 अक्टूबर, 2025
अंक- 02 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

सच का साथी, झूठ पर भारी
अख़बार हमारा चिंगारी

ग़रीबों, कमजोरों, शोषितों, पीड़ितों, वंचितों की आवाज़ तथा साम्प्रदायिक सौहार्द व भाईचारे के प्रतीक

सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ

पर समस्त जनपदवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. नीरज चौधरी

M.D.

वरिष्ठ चिकित्सक, बिजनौर



40 साल सफ़र बेमिसाल
# चिंगारी
संस्थापक: बाबू सिंह चौहान
भली लगे या बुरी बात कहे खरी
बिजनौर : 26 अक्टूबर 2025




सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर बिजनौर टाइम्स समूह कार्यालय में केक काटा गया। इस अवसर गणमान्य लोगों ने संपादक श्री सूर्यमणि रघुवंशी जी को बुके देकर सम्मानित किया।

समस्त क्षेत्रवासियों को चिंगारी के स्थापना दिवस एवं गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

स्व. तुलाराम जी के बड़े बेटे की दुकान

तुलाराम रेस्टोरेंट

स्टेशन रोड, नगीना

प्रो. टीकम चंद्र गुप्ता



स्व. लाला तुलराम जी

ताजी मिठाइयों, स्पेशल गर्म चाय, समोसा व सुप्रसिद्ध रसगुल्ले की प्रतिष्ठित दुकान

समस्त क्षेत्रवासियों को सांध्य दैनिक **चिंगारी** के स्थापना दिवस एवं गंगा स्नान की



हार्दिक शुभकामनाएं

जय ट्रेडिंग कम्पनी

मण्डी मौलगंज, नगीना

प्रो. अमित जैन (विक्की)

समस्त क्षेत्रवासियों को सांध्य दैनिक **चिंगारी** के स्थापना दिवस एवं गंगा स्नान की

हार्दिक शुभकामनाएं

शितांशु अग्रवाल

अध्यक्ष- बर्फानी सेवा समिति, नगीना

व जिला सहसंयोजक- लघु उद्योग प्रकोष्ठ भाजपा (बिजनौर)

प्रतिष्ठान- किरन एंटरप्राइजेज

धामपुर रोड, गोयल पब्लिक स्कूल के सामने, नगीना



सभी भांजे-भांजियों एवं जनपदवासियों को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं



शमीम मामा

काजीपाड़ा, बिजनौर

सभी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की

हार्दिक शुभकामनाएं

किरतपुर गैस एजेंसी

किरतपुर (बिजनौर)

प्रोपराइटर-

देवेन्द्र चौधरी

किसान कमेरो की आवाज़

राष्ट्रीय लोकदल के सदस्य बने

सांध्य दैनिक चिंगारी के सफलतापूर्वक 40 वर्ष पूर्ण होने पर

मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं

ब्रजवीर सिंह आर्य

सेवानिवृत्त अधिकारी

प्रथमा ग्रामीण बैंक

जिला महासचिव, राष्ट्रीय लोकदल, बिजनौर



40 साल सफ़र बेमिसाल
# चिंगारी
संस्थापक: बाबू सिंह चौहान
भली लगे या बुरी
बात कहे खरी
बिजनौर : 26 अक्टूबर 2025


पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की समस्त पाठकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं

## राहुल कुमार


पुत्र श्री अमरदास जी
समाजसेवी
मौ. जाटान, बिजनौर



सभी सम्मानित ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों व समस्त पाठकों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी 40वीं की वर्षगांठ की

## हार्दिक शुभकामनाएं



मोहम्मद इफ्तेकार अहमद
ग्राम प्रधान

ठाकुर कविराज
ग्राम पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत महमूदपुर, स्योहारा

सभी सम्मानित ग्रामवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की हार्दिक शुभकामनाएं


प्रधान पद के भावी उम्मीदवार

## सरफराज मलिक

ग्राम पावटी, ब्लॉक हल्दौर
जिला-बिजनौर

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, किरतपुर ( जनपद बिजनौर )

संख्या-मीमो/न.पा.परि./2025-26 दिनांक 24-10-25

## अपील

नगर पालिका परिषद, किरतपुर नगर के प्रबुद्ध एवं संभ्रान्त नागरिकों से अपील करती है-

01. यह नगर आपका है इसको स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करे।
02. कूड़ा-कचरा निश्चित स्थान अथवा कूड़ा गाड़ी में ही डाले तथा पालिका द्वारा कूड़ा उठा लेने पर उसी दिन पुनः कूड़ा न डाले।
03. जल है तो कल है, इसलिए जल का संचय कर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करें तथा गाड़ियों व अन्य सामग्री को धोने में पेयजल को व्यर्थ न करें।
04. पालिका के करों तथा अन्य देयों का समय से भुगतान करके अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
05. यदि पथ-प्रकाश का कोई बिन्दु दिन में जलता दिखायी पड़े, तो उसकी सूचना कार्यालय नगर पालिका को अवश्य दें।
06. रोड पटरियों व नालियों पर अतिक्रमण न करें।
07. पर्यावरण को शुद्ध व सुन्दर बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
08. पोलिथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है इसलिए पॉलीथीन का प्रयोग बिलकुल न करें पर्यावरण को बचाने में सहायता करें।
09. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण निर्धारिण अवधि 21 दिवस के अन्तर्गत अवश्य निर्गत करायें।
10. 'स्वच्छ भारत मिशन ( अर्बन )' के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में आपका सहयोग अपेक्षित है।
11. ग्रीन सिटी, क्लीन सिटी के अन्तर्गत शहर को हरा-भरा एवं सुन्दर बनायें रखने हेतु शहर का प्रत्येक नागरिक वृक्षारोपण अवश्यक करें।
12. खुले में शौच पूर्णतः प्रतिबंधित है। अपने-अपने घरों में शौचालय बनाना अवश्यक है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, किरतपुर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद, किरतपुर

# चिंगारी का हिन्दी पत्रकारिता में विशिष्ट योगदान- विनय कुमार सिंह

## अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने किया वर्षगांठ विशेषांक का विमोचन



आपके प्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर 25 अक्टूबर को एक खूबसूरत एवं संग्रहणीय विशेषांक प्रकाशित किया गया। विशेषांक का विमोचन संस्थान के मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ) आईएएस श्री विनय कुमार सिंह द्वारा गरिमापूर्ण समारोह में किया गया।



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार सिंह।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आदरणीय बाबूजी और चिंगारी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उस दौर में जब पत्रकारिता करना बहुत दुष्कर कार्य था, ऐसे समय में जब बिजनौर बहुत छोटी जगह था, तब इतनी बड़ी सोच को लेकर चिंगारी और बिजनौर टाइम्स का प्रकाशन करना बहुत गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि बाबूजी के बाद उनके दोनों पुत्र इस मिशन को न सिर्फ आगे बढ़ा रहे हैं, अपितु प्रतिस्पर्धा के इस दौर में नये तेवर और नये कलेवर के साथ अपनी दमदार उपस्थिति बनाये हुए हैं। हिन्दी पत्रकारिता में चिंगारी का विशिष्ट स्थान है।

इससे पूर्व अपर जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। संस्थान की ओर से चन्द्रमणि रघुवंशी, सूर्यमणि रघुवंशी, शुभ रघुवंशी, श्रीमती विनीता रघुवंशी, प्रोफेसर शशिप्रभा तथा सर्वश्री विपिन भारद्वाज, मिर्जा तालिब बेग, हुक्का बिजनौरी, नितिन शर्मा, जागन सिंह, आकाश पाल, राहुल राजपूत, संजय सैनी, कान्ता देवी, नितिन शर्मा, राहुल चौधरी, जितेन्द्र पाल, कपिल भटनागर आदि ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सूर्यमणि रघुवंशी ने चिंगारी सांध्य दैनिक के संघर्षपूर्ण इतिहास की संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि मिशनरी पत्रकारिता हमारी थाती है और इस पर हम सदैव अडिग रहेंगे।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कर्मचारीगण।

### मुद्रण व्यवस्था देखकर गदगद हुए एडीएम



अपर जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने विशेषांक के विमोचन के बाद संस्थान का भ्रमण किया तथा चिंगारी के संपादन व मुद्रण व्यवस्था को देखा और सराहा। कहा कि बिजनौर जैसे छोटे नगर में आधुनिक व हाई स्पीड मशीन पर चिंगारी एवं बिजनौर टाइम्स का प्रकाशन होना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के इस युग में चिंगारी सांध्य दैनिक की हजारों प्रतियां प्रकाशित होना इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है।

### सम्मान



श्री विपिन भारद्वाज।



श्री हुक्का बिजनौरी।

चिंगारी सांध्य दैनिक की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रकाशित विशेषांक के विमोचन के अवसर पर विशेष योगदान के लिये श्री विपिन भारद्वाज एवं श्री जितेन्द्र पाल को संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इनके अलावा संस्थान के वरिष्ठतम सदस्य श्री हुक्का बिजनौरी तथा महिला प्रतिनिधि के रूप में कान्ता देवी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



श्रीमती कान्ता रानी।



श्री जितेंद्र पाल

# एक दीया 'चिंगारी' के नाम

दीपावली में हम सभी लोगों ने दीया जलाया। मोहब्बत के नाम, इंसानियत के नाम, भाईचारे के नाम, लेकिन हम सभी बिजनौरवासियों को दीपावली में एक दीया सांध्य दैनिक अख़बार चिंगारी के नाम पर भी अवश्य जलाना चाहिए। इसके पीछे कई ठोस कारण हैं। पहला, सांध्य अख़बार चिंगारी बिजनौरवासियों के जीवन का एक अभिन्न और अटूट हिस्सा रहा है। शाम की चाय जैसे अघोषित रूप से हमारे जीवन का एक हिस्सा है, ठीक वैसे ही बिजनौरवासियों के लिए चिंगारी केवल एक अख़बार नहीं है, लोगों की एक आदत भी बन चुका है। दूसरा, चिंगारी एक सकारात्मकता का संदेश है, मज़हब है। 21 अक्टूबर, 2025 के चिंगारी के सातवें पेज पर एक समाचार अनूठा था। इसकी हेडलाइन्स थी- दीपावली पर पुलिस प्रशासन ने एक नई मिसाल कायम की। आगे उसका विश्लेषण था। सेवानिवृत पुलिसकर्मी और शहीदों के परिजनों से मिलकर पुलिस प्रशासन ने उपहार भेंट किये। ऐसे सकारात्मक समाचारों से समाज में उम्मीद की एक लौ जलती है। तीसरा, चिंगारी केवल पत्रकारिता का कारोबार नहीं है। यह मानवता की मिसाल भी है। आप सभी पाठकों को याद होगा कि कैसे पहले पेज में चिंगारी ने भूख से हुई मृत्यु की एक ख़बर छापी थी, वो भी पूरी संवेदनशीलता के साथ। चौथा, सांध्य चिंगारी साम्प्रदायिक सद्भाव की सीधे जिम्मेवारी लेता है। पेदा कांड हम सबको याद होगा ही। मुज़फ़्फ़रनगर में कवाल के तिहरे मर्डर के बाद समूचा मुज़फ़्फ़रनगर दंगाग्रस्त हो गया था। ऐसी ही घटना बिजनौर के पेदा में भी हुआ था। ऐसा लगा के बिजनौर भी मुज़फ़्फ़रनगर की कहानी दुहराएगा। लेकिन बिजनौर टाइम्स समूह ने आगे बढ़कर ऐसा रोल निभाया, सभी हिन्दू-मुस्लिम लोगों को एकजुट किया। कलाकारों, कवियों, लेख इत्यादि में सभी को जोड़कर एक संयुक्त अभियान चलाया और बिजनौर जलने से बच गया। ऐसी मिसाल आधुनिक पत्रकारिता के दौर में  देखने को नहीं मिलती है। पांचवां, सांध्य चिंगारी बाबूसिंह चौहान की मिशनरी पत्रकारिता के जज़्बे और जुनून को आज भी ज़िंदा रखे हुए है। किसान, मजदूर, ग़रीब महिला, अल्पसंख्यक को आज कौन पूछता है? अधिकतर समाचार-पत्र आज सेलेब्रेटिसों का स्तुतिगान करते हैं। उन्हें छापते हैं, प्रचार करते हैं और धन कमाते हैं, लेकिन चिंगारी समाज के हाशिए के व्यक्ति की चिंता, प्रश्न और चुनौतियों को निरन्तर उजागर करने का काम करता है। वर्ना अंबानी परिवार की शादी हो या सेलेब्रेटियों का निजी जीवन, अख़बारों को अब यही भाने लगा है। छठा, बिजनौर टाइम्स समूह का सांध्य अख़बार चिंगारी, बिजनौर की संस्कृति की सौंधी खुश्बू जैसा है। चिंगारी बिजनौर के कवियों, लेखकों और बुद्धिजीवियों को अपना स्पेस देता है, यह काबिले तारीफ है। विविध क्षेत्रों के कलाकारों और खिलाड़ियों को भी चिंगारी आगे बढ़ाना है। उन्हें छापता है। प्रोत्साहित करता है। इसी के परिणामस्वरूप स्थानीय स्तर की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है। वे आगे बढ़ते हैं। सातवां, चिंगारी सत्ता के हिसाब से अपना मिजाज नहीं बदलता है। बिजनौर टाइम्स समूह की सदैव कोशिश रहती है- न पक्ष, न विपक्ष, सदैव निष्पक्ष। आठवाँ- बिजनौर टाइम्स समूह प्रतिस्पर्धी अवश्य है लेकिन कभी भी अपना ईमान और अपनी आत्मा गिरवी नहीं रखता है। नौवां, चिंगारी की भाषा आम आदमी के मुताबिक है। कभी पांडित्य नहीं। दसवां- एक ऐसे दौर में जहां पूंजीवाद का बोलबाला है, बड़ी मछलियां खूब पनप रही हैं,  और बड़ी ही आसानी से छोटी मछलियों को निगल रही हैं। बाज़ारवाद के इस चिन्ताजनक दौर में, पिछले चालीस वर्षों से चिंगारी का बाज़ार में टिकना और लगातार लोगों के दिलो-दिमाग पर राज करना-एक अद्भुत सफलता है। इसलिए इस मुबारक घड़ी में हमें एक दीया चिंगारी के नाम जलाना ही चाहिए। दुष्यंत कुमार याद आ रहे हैं। वे कहते हैं- खुदा नहीं, न सही, आदमी का ख्वाब सही,
कठेई हसीन नज़ारा तो है नज़र के लिये।



**प्रो. अमित सिंह**
**आर.एस.एम. पी.जी. कालेज, धामपुर**


26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 26 अक्टूबर, 2025

# कंगाली का नया रिकॉर्ड!

## पाकिस्तान पर हो चुका है 287 अरब डॉलर का लोन



पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक कर्ज जून 2025 तक बढ़कर 286.832 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 80.6 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये) हो गया है, जो पिछले साल की तुलना में करीब 13 प्रतिशत ज्यादा है। आधिकारिक आंकड़ों से इसकी जानकारी मिलती है। पाक वित्त मंत्रालय की ओर से जारी वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक ऋण समीक्षा में बताया गया कि जून 2025 के अंत तक पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक कर्ज 80.6 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच गया, जिसमें घरेलू कर्ज 54.5 ट्रिलियन रुपये और विदेशी कर्ज 26.0 ट्रिलियन रुपये शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि घरेलू कर्ज में साल-दर-साल 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 54.5 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच गया।


## आवश्यकता है

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। (घरेलू कार्य के लिये)

सम्पर्क करें- 8191819148


# उत्तराखण्ड में बाहरी वाहनों पर लगेगा ग्रीन टैक्स

## कार पर 80, ट्रक पर 700 रुपये, राज्य को 150 करोड़ का रेवेन्यू प्राप्त होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** क्या आप दिल्ली या अन्य किसी राज्य के शहरों में रहते हैं और दिसंबर में उत्तराखंड की खूबसूरती देखने का प्लान बना रहे हैं, तो ये खबर आपके लिए खास है। दरअसल, दिसम्बर 2025 से उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले दूसरे राज्यों के वाहनों को ग्रीन सेस देना होगा। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है और इसमें साफ कहा गया है कि बाहरी वाहनों के राज्य में एंट्री पर ग्रीन सेस अनिवार्य होगा। परिवहन विभाग के अपर आयुक्त एस.के. सिंह ने इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए बताया है कि दिसंबर 2025 से उत्तराखंड में प्रवेश करते ही दूसरे राज्यों के वाहनों से ग्रीन सेस वसूल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहनों पर लगे फास्टैग से ऑटोमैटिक तरीके से यह शुल्क कट जाएगा। ग्रीन सेस वसूली की इस पूरी प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए राज्य की सीमाओं पर 16 स्थानों पर ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे भी लगाए गए हैं। उत्तराखंड सरकार का अनुमान है कि इस ग्रीन सेस के जरिए हर साल लगभग 100 से 150 करोड़ रुपये तक का राजस्व प्राप्त होगा। परिवहन विभाग ने इस



व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए एक निजी कंपनी के साथ करार किया है। ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे गढ़वाल और कुमाऊं मंडल की सीमाओं पर लगाए गए हैं। इनमें कुल्हाल, आशारोड़ी, नारसन, चिड़ियापुर, खटीमा, काशीपुर, जसपुर और रुद्रपुर जैसे प्रमुख बॉर्डर पॉइंट्स शामिल हैं। विभाग के अनुसार साफ किया गया है कि ग्रीन सेस के जरिए जुटाई गई राशि का इस्तेमाल एयर पॉल्यूशन कंट्रोल, सड़क सुरक्षा सुधार और शहरी परिवहन विकास के लिए किया जाएगा। कार पर 80 रुपये, डिलीवरी वैन पर 250 रुपये, भारी वाहनों पर 120 रुपये प्रतिदिन, बस पर 140 रुपये और ट्रक पर आकार के अनुसार 140 रुपये से लेकर 700 रुपये तक का सेस वसूला जाएगा।


## प्लॉट बिकाऊ है

तुलाज मार्केट

निकट नगीना चौराहा, किरतपुर

में दो प्लॉट बिकाऊ हैं

1- 20X24 = 53 गज रोड 16 फीट

2- 30X47.5 =160 गज रोड 18 फीट

फर्स्ट रोड पर हाईवे से 2 प्लॉट छोड़कर

सम्पर्क करें- 9410433737






पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक लोकप्रिय, निर्भीक एवं अग्रणी अख़बार सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर संपादक श्री सूर्यमणि रघुवंशी, चांदपुर प्रभारी मो. अजमल व चिंगारी पाठकों को

**होटल राजमहल व शुभकामना भोजनालय स्याऊ, चांदपुर**

की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं



ठा. हर्षित बहादुर आर्य



श्रीमती आर्य विनोद कुमारी पूर्व प्रधान स्याऊ



ठा. राय बहादुर आर्य समाजसेवी



॥ ॐ शान्तिः ॥ ॥ ॐ शान्तिः ॥ ॥ ॐ शान्तिः ॥

## रस्म पगड़ी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूजनीय माताजी स्व. श्रीमती अबलेश गोयल पत्नी श्री सन्तोष कुमार गोयल का स्वर्गवास दिनांक 15.10.2025 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

आरिष्ठी रस्म पगड़ी दिनांक 27.10.2025 दिन सोमवार को होनी निश्चित हुई है।

हवन ............ प्रातः 09:00 बजे (स्थान : निज निवास)

ब्रह्मभोज ............ दोपहरः 12:00 बजे

रस्म पगड़ी ............ दोपहर 02:00 बजे

स्थान : शहनाई बैंकट हॉल, जजी रोड, बिजनौर

### शोकाकुल परिवार

(पति) श्री सन्तोष कुमार गोयल (पुत्र) अनुज गोयल (सोनू)

(पुत्री) अंजलि रस्तोगी, शालिनी अग्रवाल-विजय अग्रवाल, आरती-नीरज

(पुत्रबधु) शालिनी गोयल (पोत्र-पोत्री) जयदेव, श्रेमन, एकाक्ष, यशी-एकांश

(धेवते-धेवती) वंश, सार्धक, यश, सलोनी-आकाश, वंशिका-अभिनव, महक, रिया

(देवर-देवरानी) राजकुमार अग्रवाल-पूनम अग्रवाल, नवीन अग्रवाल-कविता अग्रवाल

(भतिजे) लव अग्रवाल-पलक अग्रवाल, कुश अग्रवाल-दिवयांश अग्रवाल

# नयी-नयी विधाओं का इस्तेमाल कर सहफसली खेती करें किसान : साकेन्द्र

## किसानों को खेती की नवीनतम तकनीकि की जानकारी उपलब्ध करायी जाए : डीएम




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता तथा साकेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत की गरिमापूर्ण उपस्थिति में जिला स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-जनपद स्तरीय फसल अवशेष प्रबन्धन गोष्ठी एवं एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला सहप्रदर्शनी का किया गया। इस अवसर पर कुणाल रस्तौगी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बिजनौर, जय सिंह कुशवाहा डी.एफ.ओ. बिजनौर, डा. घनश्याम वर्मा, उपकृषि निदेशक, डा. लोकेश कुमार अग्रवाल मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जसवीर सिंह तेवतिया, जिला कृषि अधिकारी बिजनौर, महेश गौतम वन क्षेत्राधिकारी बिजनौर, डा. के.के. सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डा. पिन्टू सिंह, कृषि वैज्ञानिक, शिवांगी कृषि वैज्ञानिक एवं लगभग 750 से अधिक कृषक मौजूद रहे।

श्री साकेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर एवं श्रीमती जसजीत कौर जिलाधिकारी द्वारा किसान मेला/गोष्ठी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कृषि, कृषि से सम्बद्ध विभागों तथा निजी उर्वरक / कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा लगायी गयी स्टालों का निरीक्षण किया गया। साकेन्द्र प्रताप सिंह ने गोष्ठी में उपस्थित सभी किसानों से अपेक्षा की गयी कि गोष्ठी में कृषि से सम्बद्ध विभागों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जो जानकारी उपलब्ध करायी है, उनका अनुश्रवण अवश्य करें, साथ ही कृषि में नयी-नयी विधाओं का प्रयोग करते हुए सहफसली खेती करें, ताकि अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। डीएम जसजीत कौर जिलाधिकारी बिजनौर ने रबी उत्पादकता गोष्ठी 2025 में जनपद में रबी सीजन के अन्तर्गत बीज, उर्वरक, मिनीकिट वितरण आदि की उपलब्धता के विषय में जानकारी दी गयी एवं कृषि विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ न्याय पंचायत स्तर तक कृषकों को पहुंचाने के लिए गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों/कृषकों से अपेक्षा की गयी कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए जनपद के कृषकों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

गोष्ठी में श्रीअन्न (मिलेट्स) की तकनीकी जानकारी फसलवार यथा ज्वार, बाजरा, रागीं, कंगनी, कुटकी, सांवा, कोदो, चीना, कुटू एवं रामदाना के विषय में विस्तृत रूप से तकनीकि जानकारी देते हुए बताया गया कि श्रीअन्न खाद, पशु चारा, ईंधन, दवाइयां एवं अन्य मूल्य सर्वर्धित उत्पादों के रूप में उपयोग किया जाता है। डा. के.के. सिंह, डा. पिन्टू सिंह एवं डा. शिवांगी कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र नगीना द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को रबी फसलों के विषय में नवीनतम जानकारी देते हुए फसलों के बोने एवं फसलों की बुआई के समय पर बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में जानकारी दी गयी। गोष्ठी का संचालन योगेन्द्रपाल सिंह सेवानिवृत्त विषय वस्तु विशेषज्ञ ने किया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## वसीम अकरम बने बिहार चुनाव के सहपर्यवेक्षक



**बिजनौर (चिंगारी)।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के वरिष्ठ नेता वसीम अकरम एड. को पार्टी ने बिहार चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने उन्हें बिहार के बगहा विधानसभा क्षेत्र 4 का सहपर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वसीम अकरम एड. से कहा गया है कि वह बिहार पहुंचकर मेहनत और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करें।

## बस में सर्राफ का बैग काटकर चुरा लिये लाखों के जेवर

**बिजनौर (चिंगारी)।** यहां रोडवेज बस अड्डे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब हल्दौर निवासी एक सर्राफ का बिजनौर डिपो की बस में उचक्कों ने बैग काटकर करीब डेढ़ लाख के जेवर चोरी कर लिए। घटना का पता सर्राफ को बस से उतरने के बाद चला। बैग कटा देखकर उस के होश उड़ गए। हल्दौर के मुख्य बाजार में सर्राफा की दुकान करने वाले मोतीलाल शनिवार को किरतपुर के सर्राफ से चांदी के जेवर लेकर हल्दौर जा रहे थे। जेवर बैग में पीले कपड़े के थैले में रखे हुए थे। दोपहर करीब सवा बजे बिजनौर रोडवेज डिपो में बस से उतरते समय बैग कटा हुआ मिला और जेवर गायब थे, जिसे देखकर सर्राफ के होश उड़ गए। सर्राफ ने उचक्कों को आसपास तलाश किया, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। सर्राफ मोतीलाल ने घटना की सूचना अपने परिजनों व रोडवेज परिसर में ड्यूटी पर तैनात पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही रोडवेज डिपो पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने परिसर में उचक्कों को तलाश किया, लेकिन चोर गायब हो चुके थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रोडवेज परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सर्राफ मोतीलाल ने बताया कि बस से उतरते समय चार-पांच युवकों ने उन्हें घेर लिया था। एक युवक गोरा और लंबा था तथा शानदार कपड़े पहने हुआ था।

## कड़ापुर में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर




**बिजनौर (चिंगारी)।** कड़ापुर गांव में शनिवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान विनीत कुमार एवं संजय कुमार के सहयोग से किया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सक डा. इमरान, डा. सोमेंद्र, डा. मनीषा और डा. भावना ने मरीजों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया। स्वास्थ्य सेवाओं में नर्स स्वाति और मनीषा राणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही बीएएमएस के छात्र मोहम्मद अर्बाज और मोहम्मद सज्जाद ने भी शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई और ग्रामीणों की सहायता की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई और नि:शुल्क दवाई ली। ग्राम प्रधान ने बताया कि ऐसे शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ सके।

## महिला को सड़क पर घसीटने के मामले में पीड़ित परिवार से मिले सांसद चन्द्रशेखर



**गंज (चिंगारी)।** दीपावली की रात्रि शराब पीकर दो पक्षों में हुए पथराव के बाद पुलिस कार्रवाई के दौरान महिलाओं को सड़क पर घसीटने की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज नगीना सांसद चंद्रशेखर ने पीड़ित परिवारों से जाकर मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। नगीना सांसद चंद्रशेखर ने शनिवार की शाम गंज पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पुलिस की कार्यवाही को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला को सरेआम सड़क पर बाल पकड़कर खींचने का पुलिस को कोई अधिकार नहीं है। नगीना सांसद ने कहा कि आप लोगों के आपस के संघर्ष से हमेशा बिरादरी का नुकसान ही होता है। उन्होंने पुलिस के द्वारा किए गए अत्याचार के विरुद्ध उच्च अधिकारियों से मिलकर ठोस कार्रवाई कराई जाएगी। सांसद ने विदुर पुलिस चौकी गंज में पहुंचकर चौकी इंचार्ज रोहताश से भी मुलाकात की तथा मामले में चल रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की।


# कालागढ़ डैम की सुरक्षा अब राम भरोसे

## बिना रोक-टोक प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की

**नितिन दिनेश कौशिक**

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** देश की महत्वपूर्ण जल संरचनाओं में शुमार कालागढ़ डैम की सुरक्षा व्यवस्था अब सवालों के कटघरे में है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक वीडियो ने डैम सुरक्षा की परतें खोलकर रख दी हैं। इस वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कुछ लोग बिना किसी रोक–टोक के डैम के प्रतिबंधित क्षेत्र और सुरंग के अंदर तक प्रवेश कर रहे हैं और वहां वीडियो बनाकर खुलेआम सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक वायरल वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तो मची। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता ने स्थिति को और भी खतरनाक बना दिया है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और संवेदनशील क्षेत्र में आम नागरिकों की निर्बाध आवाजाही इस बात का संकेत है कि सुरक्षा तंत्र पूरी तरह चरमरा चुका है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि कालागढ़ डैम केवल जलापूर्ति का केंद्र नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी एक अत्यंत संवेदनशील संरचना है। यहां किसी भी तरह की लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यह डैम उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के कई जिलों की जीवनरेखा है। ऐसे में सुरक्षा प्रोटोकॉल की ऐसी धज्जियां उड़ना बेहद गंभीर चिंता का विषय है। जानकारों का कहना है कि डैम का निगरानी तंत्र बीते कई वर्षों से उपेक्षा का




शिकार है। विभागीय स्तर पर कोई ठोस मॉनिटरिंग नहीं हो रही है, जिससे असामाजिक तत्वों को खुलेआम संवेदनशील इलाकों में जाने का मौका मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और विभाग की यह लापरवाही किसी भी समय राष्ट्रीय आपदा का रूप ले सकती है। उन्होंने मांग की है कि डैम सुरक्षा व्यवस्था की तत्काल उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व तीन युवकों ने कालागढ़ डैम जलाशय के नीचे बनी अति संवेदनशील सुरंग में घुसकर वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। जब इस पर लोगों ने आपत्ति जताई और कार्रवाई की मांग की तो अधिशासी अभियंता का गैरजिम्मेदार बयान सामने आया था। यह बयान इस बात की जीवंत मिसाल है कि डैम सुरक्षा को लेकर विभाग कितना उदासीन हो चुका है। अगर सुरक्षा का यही हाल रहा तो आने वाले समय में कोई भी गंभीर सुरक्षा संकट या दुर्घटना टाली नहीं जा सकेगी।

### अधिशासी अभियंता का गैरजिम्मेदाराना बयान

**इस मामले में कालागढ़ डैम के अधिशासी अभियंता मेघ सिंह का गैरजिम्मेदाराना बयान न केवल विभागीय लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि आज डैम की सुरक्षा सचमुच राम भरोसे छोड़ दी गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे तो बहुत वीडियो सोशल मीडिया पर पड़े हैं, क्या किया जा सकता है। सुरक्षा को लेकर लेटर जारी कर दिया गया है। यह बयान न केवल हैरान करने वाला है। बल्कि एक गंभीर सुरक्षा चूक पर उपहास जैसा प्रतीत होता है।**

# पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष में शिक्षक व कर्मचारी लामबंद : चंद्रहास सिंह



**बिजनौर (चिंगारी)।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच की जनपद शाखा बिजनौर के बैनर तले आगामी 25 नवंबर दिल्ली महारैली को लेकर सभी संगठन की संयुक्त बैठक उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह की अध्यक्षता एवं अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में सिंचाई विभाग में स्थित फील्ड हॉस्टल में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अब सभी शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद हैं, जिसके लिए निरंतर संघर्षरत भी है। संघर्ष के क्रम में 25 नवंबर को दिल्ली में रैली राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने सभी विभागीय संगठनों से आगामी महारैली को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। राजकीय वाहन चालक महासंघ के क्षेत्रीय मंत्री संजीव कुमार, जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमार एवं राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार ने आगामी महारैली को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है जिसके लिए हम अटेवा के साथ हैं।

इस अवसर पर आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, चतुर्थ श्रेणी इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, कलेक्ट्रेट मिनि. कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष उमेश कुमार रवि, राकेश कुमार रवि, कृष्ण कुमार, अबरार हुसैन, सुनील कुमार, दिवाकर चौधरी, कामता प्रसाद, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, कमाल अहमद, जगदीश सिंह आदि ने संबोधित किया।

# अर्द्धविक्षिप्त युवक की हादसे में मौत

पैजनिया (चिंगारी)। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर गांवड़ी निवासी अर्द्धविक्षिप्त युवक की सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई। गांव करनपुर गांवड़ी निवासी जोनू पुत्र रोहताश 25 वर्ष अर्धविक्षिप्त था, वह पैजनिया चौराहे व आसपास के क्षेत्र में पैदल ही घूमता रहता था। शनिवार की शाम को जोनू पैदल ही अपने घर जा रहा था। परिजनों के मुताबिक जब वह ग्राम टांडा की नहर के पास पहुंचा, इस दौरान उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल जोनू को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

Hero
आया धनतेरस-दीपावली का त्यौहार हीरो पर सवार
125 M Celebrating
125 Millian Customer

★हर खरीदारी पर पायें आकर्षक उपहार
★ G.S.T. लाभ 12821 रुपये तक
★बुकिंग आरंभ 1100 रुपये से
Good Life Gift Voucher
★नियम व शर्तें लागू

★2100 रुपये का कैश डिस्काउंट
★ 3500 रुपये का कैश डिस्काउंट
ऑफर केवल 23 अटूबर 2025 तक मान्य
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# रालोद की एकता यात्रा दे रही भाईचारे का संदेश

## सरदार पटेल जयंती तक चलेगा रालोद का सदस्यता अभियान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के वरिष्ठ कार्यकर्ता चौधरी हरवीर सिंह व चौधरी रणधीर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एकता यात्रा निकालकर भाईचारा बढ़ाने का संदेश दिया। साथी रालोद के सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह के आह्वान पर पार्टी को मजबूत करने तथा भाईचारा कायम रखने के लिए एकता यात्रा निकाली जा रही है। रालोद के वरिष्ठ नेता चौधरी हरवीर सिंह व रणधीर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के गांव में एकता यात्रा निकाली गई। वरिष्ठ नेता चौधरी हरवीर सिंह ने कहा कि रालोद का सदस्यता अभियान सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती तक चलेगा। इस दौरान गांव-गांव में एकता यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने जयंत चौधरी द्वारा युवाओं के




लिए किए जा रहे कार्यों से भी ग्रामीणों को अवगत कराया। जिला पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटे चौधरी रणधीर सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह द्वारा किए गए कार्य को भुलाया नहीं जा सकता।

एकता यात्रा गांव खतापुर, फड़ियापुर, मोहल्लड़पुर में निकली गई। यात्रा में तेजपाल सिंह, मायाराम, रणधीर सिंह, कामेंद्र सिंह, प्रधान केहर सिंह, पूर्व प्रधान सवेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह आदि ग्राम फाड़ियापुर में प्रधान सुधीर कुमार, संजय शर्मा, डॉ. कमल सिंह, करतार सिंह, राजवीर सिंह, हरपाल सिंह, बिल्लू, रविंद्र सिंह, कपिल, अनिल, मोहल्लड़पुर में चंद्रपाल सिंह, अश्वनी कुमार, धर्मेंद्र सिंह, मोकम सिंह, ओमपाल सिंह, हुकम सिंह, राजीव शर्मा, संजीव, जसवीर, प्रशांत कुमार, रामसिंह, मुकेश कुमार, कुलदीप कुमार, धर्मवीर सिंह, पवन सिंह, दुर्वेश आदि शामिल रहे ।

## मंडलीय प्रतियोगिता में रहा आरजेपी कॉलेज का दबदबा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद संभल (चंदौसी) में हुई 69वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर के खिलाड़ियों ने जीत का परचम लहराया। विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने चैंपियन ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में पीयूष राज 100 मी., 200 मी. एवं 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक एवं व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की। सीनियर बालक वर्ग में नितिन कुमार 100 मी. द्वितीय, 200 मी. द्वितीय एवं 400 मी. में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण एवं कास्य पदक एवं प्रशांत कुमार वर्मा 110 मी. प्रथम, हाइडल 400 मी. लो हैंडल प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक, लंबी कूद सीनियर बालक वर्ग में शक्ति सिंह ने प्रथम एवं सीनियर बालक वर्ग प्रियांशु ऊंची कूद एवं लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने खेल प्रभारी नरेंद्र कुमार एवं अजय कुमार को बधाई दी और प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, एसपी गंगवार बालेश कुमार, सुभाष बाबू राजपूत, सुधीर कुमार राजपूत, अतुल कुमार रस्तौगी, करनवीर, भूपेंद्रपाल सिंह, विनीत कुमार गहलोत आदि विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## समारोहपूर्वक मनायी जाएगी पटेल जयंती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को नुमाइश मैदान से रन फॉर यूनिटी तथा एक से सात नवंबर तक स्कूल और कालेजों में सरदार पटेल के जीवन पर आधारित निबंध, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उधर इस मुद्दे पर जिला प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भाजपा कार्यालय में हुई पत्रकार वार्ता में बताया कि सरकार ने देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया है। दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मनित किया जाएगा। इसके अलावा एक से सात नवंबर तक स्कूल, कालेज, महाविद्यालय विश्वविद्यालय, आईटीआई, पालिटेक्निक, मेडिकल कालेज समेत विभिन्न संस्थाओं में सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन पर आधारित निबंध, भाषण, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता




कराई जाएगी। इसके बाद पार्टी कार्यालय में हुई कार्यशाला में उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत के प्रणेता भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर प्रत्येक बूथ पर पटेल साहब का चित्र लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान की अध्यक्षता एवं दिनेश सैनी के संचालन में हुई कार्यशाला में विधायक धामपुर अशोक राणा, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, हरजिंदर कौर, महिला आयोग सदस्य संगीता जैन अग्रवाल, पूर्व सांसद डा. यशवंत सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, डा. इंद्रदेव सिंह, चेयरपर्सन इन्दिरा सिंह, चेयरमैन नूरपुर डा. एमपी सिंह सुमन त्यागी, महेंद्र धनोरिया, दीपक गर्ग मोनू, पूनम गोयल, विक्रांत चौधरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डा. भोलानाथ त्यागी की कहानी का प्रसारण आज शाम को



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के प्रसिद्ध लेखक, साहित्यकार एवं समालोचक डा. भोलानाथ त्यागी की कहानी 'मुट्ठी भर उजास' का आकाशवाणी के नजीबाबाद केन्द्र से आज 26 अक्टूबर को सायं 7 बजे प्रसारण किया जायेगा।

## वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रमणि रघुवंशी का सहारनपुर में भव्य स्वागत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दैनिक बिजनौर टाइम्स के प्रधान संपादक एवं उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार चंद्रमणि रघुवंशी के आगमन पर उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा जिला सहारनपुर ने स्वागत किया। इस मौके पर सहारनपुर के जिला संयोजक नफीस थानवी एवं जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर आमिर खान



महासचिव, सतबीर सिंह मान सहसंयोजक, निसार सिद्दीकी उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार उपाध्यक्ष, एम.ए. खान महासचिव, सुधीर भारती, फहीम फारुकी सचिव, इस्लाम सचिव, गुलशेर अली महानगर अध्यक्ष, सुरेंद्र वगाति महानगर सचिव आदि ने स्वागत किया।

# चिंगारी काम कर रहा नेक, वर्षगांठ पर कई जगह काटे गये केक


चिंगारी कार्यालय में केक काटते हुए स्टाफ के सदस्य


चिंगारी संपादक का सम्मान करते हुए पंजाबी सभा बिजनौर के पदाधिकारी।


डा. मनोज वर्मा के नर्सिंग होम में केक काटते हुए चिंगारी के पाठक फरहान।


नहटौर में आयोजित कार्यक्रम में केक काटते हुए वरिष्ठ पत्रकार नीरज भारद्वाज

**बिजनौर (चिंगारी)**। लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर जगह-जगह केक काटे गये। चिंगारी के प्रधान कार्यालय में स्टाफ द्वारा केक काटकर जश्न मनाया गया। सभी ने संस्थान की उन्नति के लिये पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ काम करने का संकल्प व्यक्त किया। उधर, पंजाबी सभा बिजनौर के गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यालय पहुंचकर चिंगारी सम्पादक सूर्यमणि रघुवंशी को पटका पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और कहा कि चिंगारी समाज को जोड़ने तथा सही दिशा देने का काम करता है। इस अवसर पर सर्वश्री सदानंद खेड़ा, सुरेन्द्र कपूर, अनिल गम्भीर, राजीव अरोड़ा, प्रमोद शर्मा, विमल मदान आदि मौजूद रहे।

स्योहारा में सुप्रसिद्ध समाजसेवी चिकित्सक डा. मनोज वर्मा के मेटरनिटी एवं नर्सिंग होम पर चिंगारी की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर डा. मनोज वर्मा ने चिंगारी के नियमित पाठक फरहान से केक कटवाया। डा. मनोज वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि स्व. बाबूसिंह चौहान ने चिंगारी व बिजनौर टाइम्स के रूप में जो पौधा रोपा था, वह आज वट वृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि चन्द्रमणि रघुवंशी व सूर्यमणि रघुवंशी अपने पूज्य पिता जी के पदचिन्हों पर चलते हुए मिशनरी पत्रकारिता की मशाल जलाये हुये हैं। इस अवसर पर चन्द्रकांत त्यागी, विशाल चौहान उर्फ पधान, विकास फौजी एवं चिंगारी संवाददाता अश्मनी विश्नोई आदि मौजूद रहे।

नहटौर में भी चिंगारी की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। नगर के वरिष्ठ पत्रकार नीरज भारद्वाज ने चिंगारी की 40 साल की यात्रा के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि चिंगारी मिशनरी पत्रकारिता व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। नगर में चांदपुर चुंगी स्थित देवभोज पर आयोजित कार्यक्रम में नीरज भारद्वाज ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं को उठाने और उनका निराकरण कराने में चिंगारी की महती भूमिका है। इस अवसर पर महकार सिंह तोमर, भूपेन्द्र सिंह तोमर, अब्दुल कलाम, कुलवीर चौधरी, रवि शर्मा, फहजान सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। चिंगारी संवाददाता मोहित शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बरकातपुर मिल में हुआ बॉयलर पूजन

**नांगल सोती (चिंगारी)**। बॉयलर पूजा के साथ उत्तम शुगर मिल्स लि. बरकातपुर के शुभारम्भ का आगाज किया गया। इस मौके पर मिल के अनेक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बॉयलर पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान श्री नरपत सिंह, संयुक्त अध्यक्ष पंडित श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन कर अग्नि प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर मिल के श्री अतेन्द्र शर्मा-मुख्य महाप्रबन्धक अभियन्ता, श्री विकास पुण्डीर महाप्रबन्धक गन्ना, श्री अनिल शर्मा महाप्रबन्धक विद्युत, श्री अतुल कुमार महाप्रबन्धक उत्पादन, श्री कुलदीप सिंह अपर महाप्रबन्धक गन्ना, श्री अखिलेश गुप्ता सहा. महाप्रबन्धक लेखा, श्री अर्जुन कौशिक सहा. महाप्रबन्धक, एच.आर. श्री चांदवीर सिंह, वरि. प्रबन्धक ग.वि., डा. यशवीर सिंह उपप्रबनाक (प्रशासन), श्री विनित शर्मा उप प्रबन्धक एच.आर एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करायी। मुख्य महाप्रबन्धक (अभियन्ता) श्री अतेन्द्र शर्मा ने निर्विघ्न संचालन एवं आगामी पेराई सत्र के सुचारू रूप से संचालन हेतु ईश्वर से प्रार्थना के साथ सभी से सहयोग का अनुरोध किया। महाप्रबन्धक (गन्ना) श्री विकास पुण्डीर द्वारा किसानों से अनुरोध किया कि विगत वर्षों की भांति आगामी पेराई सत्र में भी अपनी चीनी मिल को ताजा, साफा-सुथरा एवं जड़ व पत्ती रहित गन्ना आपूर्ति कर अपना और इकाई दोनों का हित संरक्षित रखे।



## हाईवे के किनारे मिली लाश नहटौर की हिना की थी

### पति व बच्चों को सोता छोड़कर कार में बैठकर निकली थी

**नगीना (चिंगारी)**। शुक्रवार की रात्रि सड़क किनारे मिली महिला की लाश की पहचान नहटौर के मोहल्ला तकियागढ़ी निवासी हिना (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में मृतका के पति की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी तेज कर दी है।

शुक्रवार की रात नगीना-कोतवाली मार्ग पर गांव जीतपुर पलड़ी के बाहर हाईवे पर सड़क किनारे झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा मिला था। रक्तरंजित शव पड़ा देख जीतपुर पलड़ी के ग्राम प्रधान ने नगीना पुलिस को खबर दी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, जिसकी शिनाख्त के प्रयास किये गये थे। शनिवार की दोपहर सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने पर नजाकत पुत्र अकबर निवासी मोहल्ला तकियागढ़ी नहटौर ने नगीना पुलिस से संपर्क साधा और मृतका की शिनाख्त अपनी पत्नी हिना के रुप में की। मृतका के परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात करीब 12 बजे हिना नहटौर से एक सफेद रंग की ऑल्टो कार में बैठकर निकली थी। जो कि अपने छह बच्चों और पति नजाकत को घर में सोता हुआ छोड़ गई थी। इसके बाद से घर नहीं लौटी। रात में करीब एक बजे बच्चे के रोने की आवाज सुनकर पति नजाकत की नींद टूटी, जिसने हिना को घर में इधर-उधर देखा। इसके बाद मोहल्ले में तलाश किया। इसके बाद ही परिवार के लोग हिना को तलाश कर रहे थे। पास में ही लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि हिना एक ऑल्टो कार में बैठकर निकली थी। शनिवार को उसका शव मिलने की खबर मिली। मामले में मृतका के पति नजाकत की ओर से माजिद अहमद उर्फ बंटी निवासी मोहल्ला कस्सबान, बिजनौर और उसके साथी सुल्तान निवासी बास्टा रोड चांदपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि माजिद का उसके घर पर आना-जाना था, जो कि जान पहचान के चलते उसकी पत्नी हिना को अपने संग ले गया और हत्या कर दी। बताया गया कि हिना का निकाह 12 साल पहले सरायमीर नगीना निवासी नजाकत के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद ही हिना अपने पति नजाकत के संग अपने मायके नहटौर में आकर रहने लगी थी। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी होगी।

# स्वाहेड़ी में हुआ भव्य 251 कुंडीय महायज्ञ

## मन्त्रोच्चार से गूंज उठा वातावरण, सुख-समृद्धि की कामना की

अनिल चौधरी







**बिजनौर (चिंगारी)।** निकटवर्ती ग्राम स्वाहेड़ी में आज प्रातः भव्य 251 कुण्डीय महायज्ञ संपन्न हुआ। महायज्ञ में मन्त्रोच्चारण से वातावरण गूंज उठा और भक्तिमय हो गया। अंत में शांति पाठ के साथ सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

रविवार की प्रातः महायज्ञ के ब्रह्म योगाचार्य अरविंद कुमार शास्त्री बरनावा ने मन्त्रोच्चारण कर विधि विधान के साथ हवन कराया तथा यजमानों से हवन कुंड में आहूतियां दिलाई। गुरुकुल लाक्षाग्रह बरनावा के आचार्यों ने वेद पाठ किया। स्वामी सत्यवेश, गुरु वचन शास्त्री, डॉक्टर प्रियंवदा भारती तथा विधायक स्वामी ओमवेश आदि ने यज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि मानवता तथा प्रकृति के लिए यज्ञ बहुत आवश्यक है। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है तथा मनुष्यों का कल्याण होता है। भजन कीर्तन के बाद अंत में शांति पाठ हुआ, सभी के सुख-समृद्धि की ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा प्रसाद बांटा गया। गांव की ओम वाटिका में आयोजित महायज्ञ की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने की। महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक अधिकारी श्री निर्जेद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, श्रीमती मनी वर्मा, जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, उपजिलाधिकारी सदर श्रीमती ऋतुरानी, विधायक स्वामी ओमवेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी बिजनौर संग्राम सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, झालू के चेयरमैन चौधरी लोकेंद्र सिंह, समाजसेवी अरुण चौधरी, जिला पंचायत सदस्य संजीव मलिक, समाजसेवी कुशल पाल सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रवीर सिंह, प्रवीण सिंह देशवाल, हुकम सिंह, प्रमोद कुमार, मुनेश चाहल, धर्मपाल सिंह, अनिल चौधरी, नरेंद्र सिंह, प्रधान जयपाल सिंह आदि सहित हजारों लोगों ने महायज्ञ में मन्त्रोंचारण के साथ आहुति दी। महायज्ञ के अवसर पर ओम वाटिका को शानदार ढंग से सजाया गया तथा स्वदेशी वस्तुओं की स्टॉल भी लगाई गई थी। रास्ते तथा दीवारें भी ओम के झंडों से सजी हुई थीं।

महायज्ञ के आयोजन में मनदीप आर्य, जगराम आर्य, जगवीर आर्य, डॉक्टर विद्यासागर आर्य, सचिन आर्य, योगेंद्र सिंह, जयपाल सिंह आर्य, महिपाल सिंह, ब्रजवीर सिंह, ओमेन्द्र सिंह, मनु आर्य, सुरेश आर्य आदि सहित गांव के सैंकड़ों लोगों का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने सभी अतिथियों का महायज्ञ में फूल मालाओं से शानदार स्वागत किया तथा यज्ञ में शामिल होने आये सभी धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

### सरस्वती पुस्तकालय का स्थापना दिवस समारोह आज

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के बाजार कल्लूगंज स्थित सरस्वती पुस्तकालय का स्थापना दिवस आज 26 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पुस्तकालय परिवार अपनी स्थापना के 107 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर 108 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस उपलक्ष्य में पुस्तकालय भवन में सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक पुस्तक प्रदर्शनी व सायं 5.30 बजे सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों आयोजनों में सरस्वती पुस्तकालय परिवार के सभी विशेष संरक्षक, आजीवन सदस्य एवं साधारण सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी सरस्वती पुस्तकालय के प्रधान अतुल माहेश्वरी एवं मंत्री व कार्यक्रम संयोजक प्रदीप डेजी की ओर से दिया।

### टीम ने नवाब नजीबुद्दौला के किले की सफाई की

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम ने पुरातत्व महत्व की संरक्षित इमारत के बारे में क्षेत्रवासियों को जागरूक किया। साथ ही सफाई अभियान में पुरातत्व विभाग के अधीन नवाब नजीबुद्दौला के किले के अवशेष के मुख्य द्वार के आसपास सफाई की। विभाग के संरक्षण सहायक रवि कुमार के निर्देशन में सफाई अभियान चलाया। क्षेत्रवासियों को पुरातत्व महत्व की इमारत के संरक्षण व संवर्धन के संबंध में जागरूक किया। अभियान में स्मारक परिचय रवि कुमार, सतीश कुमार, गौरव कुमार व जितेंद्र कुमार मौजूद रहे। संरक्षक सहायक रवि कुमार ने बताया कि जल्द ही किले के द्वार के ऊपरी भाग की सफाई व मरम्मत का कार्य पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा कराया जाएगा।

### सूचना

मेरा पुत्र मौ. शाकिर मेरे कहने में नहीं है। मेरे अन्य पुत्रों व पुत्रियों के समझाने पर सुनवा नहीं होता है। इसलिए मैंने मौ. शाकिर की हरकतों से तंग आकर उससे अपने हर प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये और उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मैं उसके किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं रहूंगा। **-अलीमुद्दीन पुत्र बुनियाद अहमद, निवासी मौहल्ला पठानपुरा, नजीबाबाद**









## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 27 अक्टूबर 2025**

मेष- प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, आत्मविश्वास में वृद्धि, कुछेक मसला सुलझने की ओर, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, मनोरंजन में प्रवृत्ति, आर्थिक प्रगति।

वृषभ- समस्याओं से अशांति, प्रेम संबंधो में मनमुटाव, कर्ज की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति, साहसिक प्रयास निरर्थक, धर्म के प्रति रुचि।

मिथुन- सामयिक सिद्धि का प्रयास, प्रियजनों से विचार-विमर्श, शारीरिक सुख, व्यक्ति विशेष के संदर्भ में स्वयं का निर्णय लाभप्रद, विवाद की निवृत्ति।

कर्क- महत्वपूर्ण योजना पर कार्यारम्भ, सामाजिक गतिविधियो में अभिरुचि, आपसी सामंजस्य, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, कार्यक्षमता में वृद्धि।

सिंह- व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, सद्विचारों का उदय, सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, आत्मिक शांति, मनोरंजन की ओर रुझान, आनन्द की अनुभूति।

कन्या- मनोबल की कमी, स्वास्थ्य में शिथिलता, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, यात्रा में निराशा, विरोधी प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत।

तुला- व्यावसायिक सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मानसिक शांति, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सुखद।

वृश्चिक- ग्रहयोग बेहतर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, सुसमाचार मिलने से खुशी, परिवार में सुख-शांति का माहौल, शुभ कृत्य संपादित, धर्म में रुचि।

धनु- वांछित प्रगति का मार्ग प्रशस्त, पुरातन विवाद का समापन, मौज-मस्ती में व्यय, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातवरण, आकस्मिक लाभ।

मकर- कार्य-व्यवसाय में परेशानी, आर्थिक पक्ष से असंतोष, आत्मीय जनों से अनबन, शारीरिक कष्ट, पठन-पाठन में अरुचि, आपसी संबंधों में वैमनस्यता।

कुम्भ- आरोग्य सुख, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, स्वयं का निर्णय हितकर, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, ज्ञान-विज्ञान की ओर अभिरुचि, यात्रा प्रसंग।

मीन- सामयिक सिद्धि का प्रयास, इच्छित पद की प्राप्ति, पारस्परिक संबंधों में मधुरता, आनन्द की अनुभूति, व्यापारिक लाभ, अध्ययन की ओर रुचि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# प्रिंस व जिया को दिया गया खेल चैम्पियनशिप का खिताब

## ब्लॉक प्रमुख व ग्राम प्रधान ने किया खेलों का उद्घाटन

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के हकूमतपुर केशो उर्फ गांवड़ी के समग्र विद्यालय प्रांगण में क्षेत्रीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय खेलों का ब्लॉक प्रमुख तपराज सिह देशवाल एवं ग्राम प्रधान चन्द्रो देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में प्रिंस कुमार समग्र विद्यालय-हकूमतपुर केशो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 50 मीटर बालक वर्ग मे प्रिंस कुमार प्रथम, समग्र विद्यालय-हकूमतपुर केशो, 100 मीटर बालक वर्ग में प्रिंस प्रथम, हकूमतपुर केशो, 200 मीटर बालक दौड़ में आयुष कुमार प्रथम समग्र



विद्यालय-हसनपुर, बालिका वर्ग में 50 मी दौड़ में वंशिका, प्राथमिक विद्यालय महावतपुर दलपत, लम्बीकूद में अमरीन समग्र विद्यालय-जालपुर प्रथम स्थान पर रहें। खेलो में समग्र विद्यालय-जालपुर के छात्रों का दबदबा रहा। खेल चैम्पियन ट्राफी समग्र विद्यालय-जालपुर के नाम रही। न्याय पंचायत स्तरीय खेलों के आयोजन की अध्यक्षता संकुल प्रभारी सुशील कुमार व संचालन जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहयोग प्रदीप कुमार, इंतेखाब आलम, आरिफ आरज़ू, भारत सिंह, हरी सिंह, सुशीला हल्दिया, पारूल सिसौदिया, सलोनी, सगुन चैधरी आदि का सराहनीय सहयोग रहा। प्रिंस समग्र विद्यालय-हकूमतपुर केशो व जिया समग्र विद्यालय-जालपुर को खेल चैम्पियनशिप का खिताब दिया गया।

# नजीबाबाद में जामा मस्जिद में इजलास ए-आम आज

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला पठानपुरा स्थित जामा मस्जिद में आज 26 अक्टूबर को बाद नमाज मगरिब एक इजलास ए आम का आयोजन होगा। इजलास में महाराष्ट्र के मालेगांव निवासी व आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सेक्रेटरी मौलाना उमरेन महफूज रहमानी तशरीफ ला रहे हैं। प्रोगाम की जेरे सदारत मौलाना शाह आलम गोरखपुरी नायब सेकेट्री तहफ्फुज खत्मे नबुव्वत दारुल उलूम देवबंद करेंगे। कार्यक्रम में मौलाना मौहम्मद तौकीर रजा नक्शबंदी उस्ताद दारुल उलूम देवबंद भी तशरीफ ला रहे है। सभी से उनकी बातों व बयानों को सुनने की अपील की गई। जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना ईसा ने सभी मुस्लिमों से खासकर नौजवानो से इस प्रोग्राम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है। यह प्रोग्राम मगरिब से ईशा तक चलेगा।

# त्यौहार विशेष ट्रेन देर से पहुंचने से यात्री हुये परेशान

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर रेलवे ने त्यौहारों को देखते हुए 27 दिसंबर तक कई स्पेशल ट्रेन संचालित की हैं। नजीबाबाद से गुजरने वाली ट्रेनों में राजगीर (बिहार) से हरिद्वार के बीच निश्चित तिथियों में ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। 03223 अप ट्रेन राजगीर बिहार से चलकर नजीबाबाद स्टेशन पर शनिवार को करीब साढ़े तीन घंटा विलंब से सवेरे 6:50 बजे पहुंची। हरिद्वार पहुंचने के बाद 03224 डाउन ट्रेन को सवेरे 9:00 बजे नजीबाबाद स्टेशन पहुंचना था। यह ट्रेन करीब तीन घंटा विलंब से नजीबाबाद पहुंची। रेलवे ने नजीबाबाद से गुजरने वाली राजगीर बिहार-हरिद्वार ट्रेन को दिसंबर तक संचालित करने का चार्ट घोषित किया है। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मुरादाबाद आदित्य गुप्ता ने राजगीर बिहार से हरिद्वार के बीच ट्रेन संचालित की तिथियां 10, 17, 24 व वापसी की तिथियां 11, 18, 25 घोषित की हैं। जब से ट्रेन संचालित हुई है लगातार विलंब से चल रही है।



ट्रेन लेट होने से स्टेशन पर परेशान घूमते यात्री।

# किसानों ने नहर पटरी खस्ताहाल मार्ग ठीक कराने को दिया ज्ञापन

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने नहर पटरी खस्ताहाल मार्ग की मरम्मत कराने को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन दिया। भाकियू महात्मा के जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, जिला प्रवक्ता शहजाद मलिक, युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार, कपिल चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिंचाई विभाग के खंड कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अभियंता त्रिलोक चंद्र लांबा से मुलाकात की। उन्हें दिये ज्ञापन में ग्राम जहानाबाद से सरवनपुर तक क्षतिग्रस्त नहर पटरी मार्ग की गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पहले मरम्मत कराने की मांग की। किसानों ने कहा कि यदि चीनी मिलों का पेराई सत्र शुरू होने से पूर्व नहर पटरी मार्ग सही नहीं कराया जाता तो किसानों को सिंचाई विभाग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने समस्या के हल का आश्वासन दिया।



सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते किसान।

# पूर्व चेयरपर्सन पद की प्रत्याशी जमीला सैफी का इंतकाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला दरबाराशाह निकट अम्दू खां चौक निवासी समाजसेवी व भारतीय किसान यूनियन सरकार के प्रदेश अध्यक्ष जाकिर सैफी की वालिदा व 2017 में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद से चेयरपर्सन पद की प्रत्याशी रही जमीला सैफी का अचानक हार्ट अटैक से इंतकाल हो गया। अचानक रात को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आने, घुटन व सीने में दर्द के बाद हालत बिगड़ गई, जिससे बाद में उनका इंतकाल हो गया। इससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। उनके इंतकाल पर भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के काफी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व शहर के तमाम जिम्मेदार व सामाजिक लोगों ने उनके निवास पर जाकिर सैफी से मुलाकात कर उनकी वालिदा के इंतकाल पर रंजोगम का इजहार किया। मौहल्ला मुनीरगंज स्थित बगिया वाले कब्रिस्तान में जमीला सैफी को सुपुर्देखाक किया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये।



# विकास योजनाओं के लिए 163.52 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति



**नैनीताल ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लालूरी घियाकोटी क्यारदा की चली मोटर मार्ग का पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु रु 4.16 करोड़ के साथ रणकौची मन्दिर, चम्पावत हेतु उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लि. द्वारा आगणित धनराशि के सापेक्ष 4.57 करोड़ धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस लाइन रेसकोर्स देहरादून में पेयजल योजना (नई पाईप लाईन एवं ओवर हेड टैंक) के निर्माण कार्य हेतु 05 करोड़, पुलिस लाईन रेसकोर्स देहरादून में टाईप द्वितीय (ब्लॉक-सी) के 120 आवासों के निर्माण हेतु 51 करोड़ तथा लोक सेवा आयोग के भगीरथ आवासीय परिसर में एक बहुमंजलीय इमारत जिसमें टाईप-3 के 20 आवास एवं टाईप-4 के 20 आवास बनाये जाने हेतु 19 करोड़, आई.आर.बी. द्वितीय वाहिनी, देहरादून परिसर में टाईप द्वितीय के 120 आवासों के निर्माण हेतु 54 करोड़ के साथ ही राज्य योजना के अंतर्गत राजभवन, देहरादून में बहुउद्देशीय भवनों का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण सहित) कुल 13.73 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## 13 दिन पूर्व कोटद्वार से लापता हुई किशोरी लखनऊ से बरामद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गत 13 अक्टूबर को घरवालों से नाराज होकर लापता हुई नाबालिग किशोरी को पुलिस ने लखनऊ से बरामद कर लिया है। बरामद किशोरी की काउंसलिंग कराई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि 13 अक्टूबर को कोटद्वार निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में सूचना दिखाई उनकी नाबालिग पुत्री 16 वर्ष (काल्पनिक नाम रुखसत) घर वालों से नाराज होकर कहीं चली गई है, जिसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। एस एस पी ने सूचना के आधार पर तत्काल मामला दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल तथा कोतवाल रमेश तनवार के नेतृत्व में टीम गठित कर किशोरी को बरामद करने की निर्देश दिये। पुलिस टीम द्वारा सघन सुरागरसी-पतारसी, सीसीटीवी फुटेज जांच एवं तकनीकी सर्विलेंस के माध्यम से किशोरी की लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया। लगातार किये जा रहे प्रयास रंग लाये। पुलिस ने किशोरी को जामनगर, चारबाग लखनऊ में लोकल पुलिस के सहयोग से सकुशल बरामद कर लिया गया। किशोरी को बरामद करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजाराम डोभाल, मुख्य आरक्षी उत्तम सिंह चौहान महिला पीआरडी पूजा गोसाई शामिल थे।

## गौवंशियों के पड़े मिले अवशेष, ग्रामीणों ने व्यक्त किया रोष



गौवंशी के अवशेष मिलने की जांच करते पुलिस क्षेत्राधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती गांव जैतरा से अमखेड़ा जाने वाले मार्ग पर नहर की पुलिया के निकट शनिवार दोपहर एक गाय और एक सांड के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल व अग्निवीर गौ सेवक के सदस्य मौके पर पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। घटनास्थल का पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर एक ग्रामीण ने राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री प्रियांशु सिंह को सूचना दी कि गांव जैतरा से अमखेड़ा के मार्ग पर नहर की पुलिया के पास गौवंशी के अवशेष पड़े हैं इसकी कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी और प्रियांशु, रितिक शर्मा, छोटे लाल, विवेक कुमार व सौरभ सैनी आदि मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय व कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्हें अलग-अलग स्थान पर एक गाय और एक सांड के अवशेष बरामद हुये। ग्रामीणों का आरोप है कि आसपास के क्षेत्र के कुछ व्यक्तियों ने रात में यहां गौवंशों का कटान किया है और अवशेष यहां छोड़कर फरार गए हैं। सुबह कुछ ग्रामीण वहां से गुजरने तो घटना का पता लगा। सीओ अभय पांडेय ने मौके से अवशेष हटवाकर कार्यकर्ताओं को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**धामपुर ( चिंगारी )।** गांव पीपलसाना व पुरैनी के बीच शनिवार को नजीबाबाद की ओर अप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। जेब से मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को गांव पीपलसाना व पुरैनी के बीच अप रेलवे लाइन पर एक युवक की ट्रेन से कटने की सूचना जीआरपी को मिली। जिस पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान 30 वर्षीय कपिल कुमार पुत्र सतीश कुमार निवासी गांव अमान उल्लापुर उर्फ गढ़वाला, कस्बा साहनपुर थाना नजीबाबाद, बिजनौर के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दिवाली पर आया था देहरादून से अपने गांव

परिजनों ने बताया कि युवक देहरादून में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था, इन दिनों दीपावली के त्यौहार पर घर आया हुआ था। युवक शुक्रवार रात गांव से अपनी बाइक द्वारा धामपुर में एक रिश्तेदारी में जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन शनिवार को उसकी बाइक नजीबाबाद स्टेशन के पास मिली। आशंका है कि युवक शनिवार सुबह धामपुर से ट्रेन द्वारा नजीबाबाद लौट रहा था, इसी दौरान ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हुई है।

## हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ ने फूंका स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला



नगीना चौराहे पर पुतला फूंकते हुए संगठन के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ ने आज रविवार को नगीना चौक पर एकत्र होकर शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन धामपुर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रह्मपाल गिरि को सौंपकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य आये दिन सनातन धर्म पर कुछ न कुछ अभद्र टिप्पणी करते रहते हैं जो सनातन समाज में आक्रोश का कारण बनती जा रही हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने पहले भी रामायण के पन्ने जलाकर समस्त सनातन समाज का अपमान किया था और अब दीपावली के महान पर्व पर लक्ष्मी पूजन पर अमर्यादित टिप्पणी की है। मनोज चौहान जिला महामंत्री हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ ने स्वामी प्रसाद मौर्य पर कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के जिला महामंत्री मनोज चौहान, टिंकू विश्वकर्मा, महिपाल सिंह, सौरभ कुमार, सुखेंद्र सिंह, लिटिल कुमार, पर्वेंद्र कुमार, मिथुन कुमार, राजवीर सिंह, तुषार चौहान, रोहित कुमार आदि शामिल रहे।

## चार लाख रुपये की लागत से होगा मालवीय चौक का सौन्दर्यकरण



**धामपुर ( चिंगारी )।** महामना पंडित मदन मोहन मालवीय चौक चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक शनिवार को रानी बाग कालोनी स्थित ट्रस्ट के महामंत्री जितेंद्र शर्मा बबलू के आवास पर हुई। बैठक में नहटौर रोड पर स्थित महामना पंडित मदन मोहन मालवीय चौक के सौन्दर्यकरण व निर्माण कार्य के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष लाला नरेंद्र कुमार गुप्ता ने व संचालन जितेंद्र शर्मा ने किया।

### मालवीय चौक ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक

बैठक में नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि कुछ समय पहले पंडित मदन मोहन मालवीय चौक पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है। अब चौक पर इको पार्क और अन्य निर्माण कार्य होने हैं, जिनमें बाउंड्री वॉल, ग्रिल लगाने, इंटरलोकिंग टाइल लगाने, बुजुर्गों के बैठने के लिए बैंच और हाई मास्ट लाइट आदि कार्य होने हैं। इसके लिए पांच सदस्यों की निर्माण कार्य समिति गठित की गई है, जिसमें नरेंद्र गुप्ता, जितेंद्र शर्मा, संदीप शर्मा, पारितोष शास्त्री व जयवीर सिंह सिसौदिया को शामिल किया गया है। ट्रस्ट के महामंत्री जितेंद्र शर्मा ने बताया कि निर्माण कार्य इस्टीमेट तैयार किया गया है, जो लगभग चार लाख रुपए का है। इसमें बाउंड्री समेत रेलिंग, फर्श, पौधरोपण आदि भी शामिल है। कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट ने बताया कि बैठक में निर्माण के लिए जितेंद्र शर्मा की ओर से ट्रस्ट को 21 हजार रुपए की सहायता राशि का चेक दिया गया है। ट्रस्ट में नए सदस्यों की संख्या भी बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में नरेंद्र गुप्ता, अनिल शर्मा एडवोकेट, जितेंद्र शर्मा, अतुल गुप्ता, संदीप शर्मा, प्रशांत चौधरी एडवोकेट, मनोज कात्यायन, राहुल श्याम, मोनू शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, पारितोष शास्त्री, जयवीर सिंह सिसौदिया आदि शामिल रहे।

# बाइक सवार युवक की हादसे में मौत, बहन-भांजी घायल

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार की दोपहर करीब बारह बजे रामगंगा पोषक नहर की पटरी पर मंझेला बिल्लौच के पास एक अज्ञात चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अंकित प्रजापति (26)पुत्र टेकचंद की मौके पर ही मौत हो

## गुस्साए ग्रामीणों ने थाने के सामने जाम लगा दिया

गई, जबकि उसकी बहन प्रवेश (35) और भांजी काव्या (3) गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें हायर सेंटर रैफर किया गया है। गुस्साए लोगों ने नूरपुर-अमरोहा मार्ग पर शिवाला कलां थाने के सामने शव को रखकर जाम लगा दिया।करीब एक घंटा तक जाम लगा रहा। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र शिवाला कलां के गांव सेह निवासी अंकित


अंकित का फ़ाइल फ़ोटो


हादसे के बाद जाम लगाते ग्रामीण।

भैयादूज पर आई अपनी बहन प्रवेश और भांजी काव्या को छोड़ने थाना नहटौर के गांव टपरोला जा रहा था। जब वह गांव मंझौला बिल्लौच के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि गंभीर हालत में काव्या व प्रवेश को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने शव को थाना शिवाला कलां के सामने रखकर सड़क पर जाम लगा दिया। घंटों की मशक्कत के बाद सीओ देश दीपक सिंह द्वारा रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज देखकर वाहन चालक को पकड़ने के आश्वासन पर जाम खुला। पुलिस ने मृतक के पिता टेकचंद की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# हृदयाघात से हुई थी रमेश की मौत

## पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नूरपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के गांव अस्करीपुर में शुक्रवार की रात वृद्ध रमेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने वृद्ध की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए उसके नशेड़ी पुत्र जागेश समेत दोनों पुत्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। पुलिस के अनुसार रमेश की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मृत्यु हृदयाघात से होने की पुष्टि के बाद पुलिस ने हिरासत में लिए मृतक के पुत्रों को छोड़ दिया। मृतक रमेश की पत्नी की भी करीब तीन माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।**

# तीसरी आंख की निगरानी में लगेगा गंगा स्नान मेला

**गंज ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर के तपोभूमि विदुर कुटी पर प्रत्येक वर्ष की भांति लगने वाले कार्तिक गंगा स्नान मेले को लेकर जहां जिला पंचायत द्वारा विभिन्न प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं, वहीं पुलिस प्रशासन के आहा अधिकारी भी सुरक्षा

## 'महाराजा' टैंट होंगे आकर्षण का केन्द्र

व्यवस्था को लेकर कार्य योजना बनाने में लगे हैं इसके तहत मेले में दो थाने और आठ चौकियां बनाई जाएंगी। सीओ संग्राम सिंह को मेला प्रभारी बनाया गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही मेले की निगरानी के लिए लगभग ढाई दर्जन सीसीटीवी कैमरे तथा दो ड्रोन भी तैनात रहेंगे। मेले में इस गंगा वर्ष स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा


मेले की कार्य योजना बनाते हुये पुलिस अधिकारी।

व्यवस्था को ध्यान में रखकर 24 घंटे चार मोटर वोट व गोताखोर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। इसके लिए मेले में एक अलग से जल चौकी भी बनाई जाएगी। मेले में महाराजा टेंट विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगे जिनमें सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले को आठ सेक्टर में बांटा गया है जिनमें प्रत्येक सेक्टर के लिए एक अलग अधिकारी की नियुक्ति की गई है तथा मेले के प्रत्येक चौराहे पर भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं जिला पंचायत द्वारा मेले की सुंदरता बढ़ाने के लिए मेले के चौराहा पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे तथा जिला पंचायत द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए रात्रि में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी कराया जाएगा। मेले में विभागीय प्रदर्शनी के लिए भी टेंट लगने प्रारंभ हो गए।

# सरकारी नौकरी प्राप्त कने वाले युवक-युवतियों को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पृथ्वीपुर में ग्राम पंचायत एवं शहरी व ग्रामीण विकास सेवा समिति की ओर से सन् 2025 में गांव के युवक और युवतियों को सरकारी नौकरी प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत घर पर आयोजित सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान श्रीमती हृदेश देवी की अध्यक्षता एवं डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के संचालन में ग्राम पंचायत के शुभम कुमार को सीआरपीएफ, दीशू कुमार को अग्नि वीर, विवेक कुमार, प्रेरणा, हिमेंद्र सिंह, याचिका को पुलिस सेवा में सिपाही, श्रीमती पूजा शर्मा को आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा पारुल कुमारी को पुलिस विभाग में दरोगा बनने पर स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा जिला अध्यक्ष रॉबिन चौधरी, मुन्नालाल प्रेमी, झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह राणा, पत्रकार आलोक भारद्वाज, दिलावर सिंह, छदम्मी सिंह का ग्राम प्रधान पति रोहिताश सिंह, इंजीनियर शुभम शर्मा, विजेंद्र सिंह, सुशील कुमार,जयप्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, खुशीराम, शेर सिंह आदि ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। तदोपरांत अतिथियों द्वारा इन ग्रामीण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करना सराहनीय कार्य है, जो ग्राम प्रधान श्रीमती हिर्देश देवी, पंचायत सेक्रेटरी सुजाता पाल एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस द्वारा किया गया है।

# मकान पर कब्जे को लेकर मारपीट में महिला घायल, हालत गम्भीर

**नहटौर ( चिंगारी )। कासमपुर लेखराज में मकान कब्जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष की 34 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। देर रात्रि को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मकान**

## पुलिस ने एक को हिरासत में लिया, मकान पर ताला लगाया

**पर ताला लगा दिया। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया।**

ग्राम कासमपुर लेखराज निवासी नाजरीन पत्नी स्वर्गीय बब्बू (पूर्व निवासी पीर उमरी) विगत 4 से 5 वर्षों से ग्राम कासमपुर लेखराज स्थित मकान में रह रही थी। आरोप है कि इस मकान को उसके रिश्तेदार नबील पुत्र अतीक अहमद एवं शहजाद पुत्र साजिद निवासी बैरमाबाद गढ़ी अपना बताते हुए कब्जा लेने को लेकर काफी समय से प्रयासरत थे। वहीं नाजरा का दावा है कि उसने नरेश निवासी कासमपुर लेखराज से मकान को खरीदा है। जिसका बैनामा भी उसके पास है। मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। शनिवार की शाम को नाजरा अपनी बेटी नव्या, तसमिया 12 वर्ष, अब्दुल

### 6 बैनामे हो चुके

*शहजाद पक्ष का दावा है कि नबील पुत्र अतीक अहमद निवासी बैरमाबाद गढ़ी के नाम उक्त मकान का बैनामा अक्टूबर 2024 में हुआ था। इससे पूर्व उक्त जमीन के 6 बैनामे हो चुके हैं। नबील को बैनामा सलीम पुत्र नईम निवासी झील कॉलोनी ने किया था।*


बंद मकान के सामने बैठी नाजरा की बेटियां

अहद 8 वर्ष आदि के साथ रिश्तेदारी में गई हुई थी। इसी दौरान नबील और शहजाद पक्ष द्वारा मकान के ताले तोड़कर नाजरा के घर मे रखे समान को बाहर फेंक दिया और कब्जा कर लिया। जब नाजरा मौके पर पहुंची तो शहजाद पक्ष की महिलाओं द्वारा भी नाजरा और उसके बच्चों के साथ मारपीट की गई। जिसमें नाजरा गंभीर रूप से घायल हो गई। देर रात्रि को नाजरा की बेटी नव्या ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करते हुए कार्रवाई की मांग की। एसडीएम के आदेश पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार राजकमल यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने भी स्थिति का जायजा लिया। उच्च अधिकारियों के आदेश पर हरकत में आई पुलिस ने शहजाद को हिरासत में लेकर थाने ले आई। गंभीर घायल नाजरा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वही, नाजरा की दोनों बेटियां मकान के बाहर खुले आसमान के नीचे बैठी है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया अभी मामले में नाजरा पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है।

### प्रधान को सौंपी मकान की चाबी

*शनिवार की दिन रात्रि को कासमपुर लेखराज में पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे और नायब तहसीलदार राजकमल यादव की उपस्थिति में पुलिस ने मकान पर ताला लगा दिया। अधिकारियों की उपस्थिति में विवादित मकान की चाबी ग्राम प्रधान के भाई भीम को सौंप दी है।*







# देश की उन्नति में वैश्य समाज की अहम भूमिका - शशी गुप्ता

## धूमधाम से मनाया गया महाराजा अग्रसेन का 5149वां जयंती समारोह

**चांदपुर (चिंगारी)। वैश्य सभा चांदपुर के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन का 5149वां जयंती समारोह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चांगीपुर शुगर मिल के अध्यक्ष शशी गुप्ता रहे। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।**

शनिवार की रात्रि में हिन्दू इंटर कालेज में वैश्य सभा के अध्यक्ष विमल अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शशी गुप्ता व अन्य द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में हिन्दू इंटर कालेज की छात्राओं ने आप्रेशन सिंदूर व लिटिल स्टार स्कूल के बच्चों ने 'संदेशे आते हैं' गीत प्रस्तुत कर सभी को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए मुख्य अतिथि शशी गुप्ता ने समाज के लोगों से महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास का संदेश हजारों वर्ष पूर्व महाराजा अग्रसेन ने एक रूपया एक ईंट के साथ शुरू किया था। उन्होंने कहा कि यदि हम महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलेंगे तो हमें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकेगा। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज की देश की उन्नति में अहम भूमिका रही है, वैश्य समाज सदैव देश के प्रति ईमानदार व निष्ठावान रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया अच्छी चीज नहीं है। उन्होंने लोगों विशेषकर युवा वर्ग से सोशल मीडिया से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने मोबाइल फोन को नुकसान दायक बताते हुए इसका उपयोग केवल आवश्यकतानुसार ही करने का आह्वान भी किया।

**इनकी उपस्थिति रही**

कार्यक्रम में इं. अरविन्द मित्तल, कृष्णौतार अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अनिल कुमार तेल वाले, के.के. गुप्ता, वैश्य सभा के अध्यक्ष विमल कुमार, विपुल तायल, अशोक कुमार नेताजी, सुधीर अग्रवाल, डा. मुदित वैश्य, मनु गुप्ता, सुभाषचन्द्र गुप्ता, अमित मित्तल, सुबोध गुप्ता, नितिन गुप्ता, अमित माहेश्वरी, सार्थक मित्तल, विभोर अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, अपार अग्रवाल, मुकुल गुप्ता, डा. विशाल मित्तल, विष्णु गोपाल अग्रवाल दीपू, आदित्य बंसल, राजीव अग्रवाल, आशू गोयल सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि शशी गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र

कार्यक्रम में यूपी बोर्ड हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र कन्हैया, कु. अंजलि व कु. अक्षिता, यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र एकांश अग्रवाल व आराध्या अग्रवाल, हिन्दू इंटर कालेज में यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट में विज्ञान वर्ग सर्वाधिक अंक लाने वाले ध्रुवराज सैनी, वैदिक कन्या इंटर कालेज में विज्ञान वर्ग में सर्वाधिक अंक लाने वाली छात्रा कु. मानसी को छात्रवृत्ति के रूप में धनराशि व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट प्रतिभा सम्मान के तहत कु. आशा व कु. अक्षिता को सम्मानित किया गया। सीबीएसई हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र रक्षित अग्रवाल व कु. संस्कृति अग्रवाल व इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र कार्तिक माहेश्वरी, मनु तोमर व कु. खुशी गर्ग को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवीन अग्रवाल व मनोज अग्रवाल ने किया।

# व्यापारी से नाक रगड़वाने की घटना पर स्योहारा में फूटा आक्रोश

## दोषियों पर कठोर कार्रवाई के लिये ज्ञापन दिया

**स्योहारा (चिंगारी)।** हरिश्चंद्र वंशीय रस्तौगी सभा, स्योहारा की ओर से शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में मेरठ जनपद में एक व्यापारी से सड़क पर नाक रगड़वाने की अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि यह घटना समाज की संवेदनाओं को आहत करने वाली है और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। आरोप लगाया गया कि आरोपी विकुल चपराना व उसके साथियों ने खुलेआम दबंगई का प्रदर्शन किया, जिससे समाज में भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हुआ। साथ ही, ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस प्रकरण में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर का नाम प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सामने आ रहा है, जिससे निष्पक्ष जांच पर संदेह उत्पन्न होता है। रस्तौगी सभा की ओर से तीन प्रमुख मांगें रखी गईं। घटना की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तथा ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर से नैतिक आधार पर तत्काल इस्तीफा लिया जाए, ताकि जांच स्वतंत्र रूप से संपन्न हो सके। इस अवसर पर मुकेश रस्तौगी, पीयूष रस्तौगी पटवारियान, पंकुल रस्तौगी, शुभम रस्तौगी, निश्चय रस्तौगी, वाशु रस्तौगी, प्रखर रस्तौगी, अनुराग रस्तौगी, अमित रस्तौगी, शोभित रस्तौगी, गौरव रस्तौगी आदि उपस्थित रहे।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## शतरंज प्रशिक्षक हेतु विज्ञापन

**नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में शतरंज खेल हेतु 01 अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक के लिये उत्तर प्रदेश के निवासी उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में दिनांक 07 नवम्बर 2025 तक जिला खेल कार्यालय बिजनौर में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।**

**कोटिवार विवरण निम्नवत है।**

अंशकालिक मानदेय शतरंज प्रशिक्षक हेतु शैक्षणिक योग्यता, खेल योग्यता, उम्र सीमा एवं चयन प्रक्रिया (अनिवार्य अर्हता):- 1. मान्यता प्राप्त संस्था से 12वीं उत्तीर्ण हो। 2. राष्ट्रीय/राज्य स्तर में प्रतिभाग किया हो। 3. न्युनतम आयु 21 वर्ष। 4. मानदेय 15,000/- रूपये प्रतिमाह। 5. योग्यता एवं साक्षात्कार के अधार पर अंक अधिक होने पर चयन की प्रक्रिया।

**(राजकुमार)**
**जिला क्रीड़ाधिकारी, बिजनौर।**

# थाने में हुई जनसुनवाई



**किरतपुर (चिंगारी)।** समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी नजीबाबाद शेलेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नीतेश प्रताप सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के पर जनसुनवाई की गई, जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें दर्ज की गईं। तहसील प्रशासन की मौजूदगी में जनसुनवाई के दौरान जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया। अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। जिनमें लेखपाल को मौके पर भेजकर निस्तारण किया गया।

# नशे से दूर रहें भाई, छात्राओं को शपथ दिलाई



नशा न करने की शपथ लेते छात्र।

**चांदपुर (चिंगारी)।** लोकप्रिय इंटर कॉलेज केलनपुर, बिजनौर में छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर ने छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को 'तम्बाकू मुक्त युवा अभियान-3.0' कार्यक्रम के अंतर्गत विस्तृत जानकारी देते हुए छात्र/छात्राओं को जागरूक किया और नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में प्रशान्त कुमार तोमर, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई, सत्यवीर सिंह कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई, श्रीमती अनुपा रानी प्रभारी स्काउट एवं गाइड, श्री कुलवेंद्र सिंह, सुमित कुमार, रोहित कुमार, कावेंद्र सिंह, सुधांशु शर्मा, श्रीमती शिखा रानी, श्रीमती पवनलता, श्रीमती रेशु अलंकार, श्रीमती शिवानी, श्रीमती डोली, श्रीमती अंजू, कु. प्रतीक्षा, कु. राखी आदि समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# पुलिस के काम में बाधा पहुंचाने पर, दो और आरोपी पहुंचे जेल के अंदर


कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## 14 आरोपी पूर्व में हो चुके गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार पुलिस ने कुछ दिन पहले देवरामपुर में हुए झगड़े के दौरान पुलिस से अभद्रता करने व कार्य में बाधा पहुंचाने वाले दो और वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में पहले ही 14 आरोपियो को गिरफ्तार कर चुकी है। शनिवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस द्वारा इस मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही थी। इस क्रम में पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करने के बाद मामले में वांछित दो आरोपियों रोहित 28 वर्ष, पुत्र धर्मवीर, निवासी-देवरामपुर तल्ला, कोतवाली कोटद्वार व रूद्राक्ष पुत्र राजेन्द्र सिंह, निवासी-तल्ला मोटाढांक, कोतवाली कोटद्वार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व देवरामपुर क्षेत्र में रामलीला को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। मामला सुलझाने पहुंची पुलिस टीम के साथ स्थानीय महिलाओं व पुरुषों ने अभद्र व्यवहार करते हुए उनके कार्य में बाधा पहुंचाई। जिस संबंध में कोतवाली में उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के तहत कुल 22 नामजद तथा 10-15 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिस पर पुलिस टीम कार्रवाई कर रही थी।

## बसपा व बीएजेएस ने लगाया एकतरफा कार्रवाई का आरोप

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देवरामपुर स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जागृति समिति और बहुजन समाज पार्टी ने देवरामपुर मामले में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। कहा कि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की है। इस संबंध में शनिवार को तहसीलदार के माध्यम से पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक पौड़ी, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग अध्यक्ष उत्तराखंड, अध्यक्ष मानवाधिकार आयोग उत्तराखंड और अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तराखंड को प्रेषित ज्ञापनों में समिति अध्यक्ष तेजपाल सिंह और बसपा जिलाध्यक्ष विकास आर्य ने कहा है कि पुलिस द्वारा इस संबंध में एकपक्षीय कार्रवाई की गई है। कहा कि देवरामपुर क्षेत्र में अनुसूचित जाति बाहुल्य के लोग निवास करते हैं। दीपावली से पूर्व से ही कुछ अज्ञात युवक उनकी बस्ती की ओर पटाखे जलाते हुए उनके लिए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर रहे थे। इसके बाद जब विवाद बढ़ा तो पुलिस ने एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए अनुसूचित जाति के लोगों पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। कहा कि मारपीट करने वाले युवक अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। चेतावनी दी कि इस संबंध में न्याय न मिलने पर वे उग्र आंदोलन पर बाध्य होंगे।

# सम्पर्क मार्गों के किनारे उगी झाड़ियां बनीं हादसों का सबब

## इन्हीं के कारण आबादी क्षेत्र में हाथियों-गुलदार की है धमक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार विधान सभा के विभिन्न संपर्क मार्गों के किनारों पर बरसात के बाद उगी झाड़ियां हादसों को न्यौता दे रही हैं। वर्तमान में डिग्री कालेज-ध्रुवपुर-सत्तीचौड़-मवाकोट मोटर मार्ग पर ध्रुवपुर से सत्तीचौड़ सहित कई अन्य स्थानों पर भी सड़क किनारे उगी झाड़ियों के कारण हादसे का खतरा बना हुआ है। झाड़ियां बढ़ने के कारण मानपुर, लालपुर सहित अन्य आबादी क्षेत्र में गुलदार की धमक बनी हुई है।

बताते चलें कि कोटद्वार का अधिकांश भाग वन क्षेत्र से सटा हुआ है। यही कारण है कि आबादी क्षेत्र में गुलदार, सुअर व हाथी की धमक बनी रहती है। लेकिन पिछले कुछ माह से मानपुर, नंदपुर सहित भाबर क्षेत्र के अन्य स्थानों पर गुलदार की धमक देखने को मिल रही है। कुछ दिन पूर्व राहगीरों को महाविद्यालय से शिवपुर क्षेत्र को जाने वाली सड़क पर गुलदार घूमता हुआ दिखाई दिया था। लोगों को देख वह सड़क किनारे झाड़ियों से होते हुए जंगल चला गया था। वर्षाकाल के बाद से क्षेत्र के संपर्क मार्गो के आसपास बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हुई हैं, जिससे गुलदार आसानी से अबादी तक पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि इन झाड़ियों में छिपा गुलदार कब आमजन पर हमला कर दें कुछ कहा नहीं जा सकता। सबसे बुरी स्थिति महाविद्यालय से घराट व ध्रुवपुर से कण्वाश्रम को जाने वाले मार्ग की बनी हुई है। वहीं, सनेह क्षेत्र को जाने वाली सड़क पर भी झाड़ियां चुनौती बन रही हैं। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन व संबंधित विभाग से अविलंब झाड़ी कटान की मांग की है।

# जेआरएफ छात्रवृति न मिलने पर पीएचडी कर रहे विद्यार्थियों ने रोष व्यक्त किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जेआरएफ छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर गोपेश्वर महाविद्यालय से पीएचडी कर रहे विद्यार्थियों में रोष व्याप्त हैं। समस्या के समाधान को लेकर गोपेश्वर महाविद्यालय के छात्र कार्तिकेय खंतवाल ने अन्य छात्रों के साथ कोटद्वार पहुंचकर महाविद्यालय के पूर्व संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल के नेतृत्व में पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी से मुलाकात कर समस्या को उनके समक्ष उठाया।

छात्रों का कहना था कि वर्तमान में वे गोपेश्वर महाविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं। पूर्व में उन्होंने नेट, जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की थी। लेकिन, परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी उन्हें जेआरएफ छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे में शोधार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि उन्होंने समस्या से महाविद्यालय को भी अवगत करवाया, लेकिन, महाविद्यालय ने विद्यार्थियों को यूजीसी जाने को कहा। बताया कि यूजीसी से मालूम करने पर पता चला कि गोपेश्वर महाविद्यालय की संबद्धता स्पष्ट नहीं है। जबकि, वर्ष 2016 में गोपेश्वर महाविद्यालय को श्री देवसुमन विवि का कैंपस आधिकारिक रूप से घोषित किया गया था। बताया कि परिसर घोषित होने के बाद भी महाविद्यालय का अस्तित्व अधर में लटका हुआ है। ऐसे में विद्यार्थियों के भविष्य पर भी संकट खड़ा हो रहा है। समस्या को सुनने के बाद पूर्व काबीना मंत्री ने दूरभाष पर श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति एच के जोशी से वार्ता कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये। इस पर छात्रों ने काबीना मंत्री का आभार व्यक्त किया। पूर्व काबीना मंत्री से मुलाकात करने वालों में आकांक्षा, अनमोल रावत, अंजलि नेगी, लक्ष्मी रावत, विजय नेगी और अभिनव कुलासरी आदि शोधार्थी छात्र शामिल रहे।

# ज़रूरतमंद युवती के विवाह में दी नकदी व सामान




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** लायन्स क्लब ऋषिकेश डिवाइन द्वारा रायवाला निवासी एक जरूरतमंद युवती के विवाह हेतु एक अलमारी, साडी -सूट, गैस चूल्हा, क्रॉकरी का सामान तथा नगद धनराशि प्रदान की गई। क्लब के संस्थापक ललित मोहन मिश्रा, अध्यक्ष विनीत चावला ने बताया कि कुछ समय पूर्व भी एक युवती ने क्लब से सपर्क कर बताया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, तथा कुछ दिनों पश्चात् उसकी शादी है जिसमे कुछ रिश्तेदार सहयोग कर रहे है, क्लब से भी सहयोग की अपील की, इस पर क्लब द्वारा युवती को उक्त सामान प्रदान कर युवती के सुखी परिवारिक जीवन की कामना की। क्लब जरूरतमंदो की शिक्षा, सामाजिक जीवन के उत्थान हेतु सदा तत्पर रहता है इस अवसर पर विनीत चावला, सचिव शिवम् अग्रवाल तथा अनिरुद्ध गुप्ता, महेश किंगर, जगमीत सिंह, रजत भोला, विकास ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।

# गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट ने एम्स को 10 स्ट्रेचर ट्राली दानस्वरूप भेंट कीं



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट, हरिद्वार की ओर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश को 10 स्ट्रेचर ट्रॉली दान स्वरूप भेंट की गई। इससे अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों को सुविधा मिलेगी। ऋषिकेश में आयोजित एक सूक्ष्म कार्यक्रम में हरिद्वार स्थित सामाजिक संस्था गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्याश्री को 10 स्ट्रेचर ट्रॉलियां सौंपी गई। संस्था द्वारा दानस्वरूप भेंट की गई स्ट्रेचर ट्रॉलियों से खासकर विभिन्न स्थानों से उपचार हेतु रैफर होकर एम्स आने वाले गंभीर किस्म के मरीजों को जांच एवं इलाज के दौरान एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की सुविधा मिल सकेगी। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि एम्स में लगातार मरीजों के संख्या बढ़ती जा रही है, लिहाजा कई दफा अत्यधिक संख्या में गंभीर मरीजों के पहुंचने से उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने के लिए संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधन भी कम पड़ने लगते हैं। उन्होंने गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि संस्था द्वारा मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल को स्ट्रेचर ट्रॉली भेंट करना सराहनीय कदम है। गौरतलब है कि गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गतवर्ष भी एम्स संस्थान को मरीजों की सुविधा के लिए 25 व्हील चेयर दान दी गई थी। इस अवसर पर उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रवि, डॉ. उदित चौहान, पीपीएस विनीत कुमार के अलावा गार्गी ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश त्यागी, सचिव अभिषेक त्यागी, संरक्षक विकास तिवारी आदि मौजूद थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**



संस्थापक
बाबूसिंह चौहान

बाबूसिंह चौहान द्वारा स्थापित लोकप्रिय सांध्य दैनिक समाचार-पत्र

# चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ

के शुभ अवसर पर

## हार्दिक बधाई/शुभकामनाएं



संपादक
सूर्यमणि रघुवंशी

एवं एकमात्र इसी संस्थान में पत्रकारिता के शानदार 30 साल पूर्ण करने पर

वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रमुख समाजसेवी



एस.एम. असलम
वरिष्ठ पत्रकार



## एस.एम. असलम

## को दिली मुबारकबाद

मिनजानिब- फ़ज़लुर्रहीम अन्सारी

सेवानिवृत्त शिक्षक



निवासी- ग्राम मानियावाला, वि.खं. - अफ़ज़लगढ़ (बिजनौर)



संस्थापक
बाबूसिंह चौहान

निष्पक्ष, निर्भीक व ईमानदार पत्रकारिता के प्रतीक लोकप्रिय समाचार-पत्र

# सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ

पर सम्पादक, सम्पादक मण्डल, संवाददाताओं, पाठकों समेत आप सभी को

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



संपादक
सूर्यमणि रघुवंशी

शानदार-दमदार पत्रकारिता के 30 साल-बेमिसाल

मुकम्मल करने पर वरिष्ठ पत्रकार एवं

प्रमुख समाजसेवी



एस.एम. असलम
वरिष्ठ पत्रकार



## एस.एम. असलम

## को दिली मुबारकबाद

मिनजानिब- मौ. सलमान अंसारी

युवा नेता/समाजसेवी



निवास/ऑफिस- मानियावाला, ब्लॉक- अफ़ज़लगढ़

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर ( जनपद बिजनौर )

संख्या 1532/न.पा.परि.बि./2025-26 दिनांक 24-10-25

## अपील

**नगर पालिका परिषद, बिजनौर नगर के प्रबुद्ध एवं संभ्रान्त नागरिकों से अपील करती है-**

01. स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत पालिका का प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर नगर वासियों का आभार।
02. यह नगर आपका है इसको स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करे।
03. कूड़ा-कचरा निश्चित स्थान अथवा कूड़ा गाड़ी में ही डाले तथा पालिका द्वारा कूड़ा उठा लेने पर उसी दिन पुनः कूड़ा न डाले।
04. जल है तो कल है, इसलिए जल का संचय कर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करें तथा गाड़ियों व अन्य सामग्री को धोने में पेयजल को व्यर्थ न करें।
05. पालिका के करों तथा अन्य देयों का समय से भुगतान करके अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
06. यदि पथ-प्रकाश का कोई बिन्दु दिन में जलता दिखायी पड़े, तो उसकी सूचना कार्यालय नगर पालिका को अवश्य दें।
07. रोड पटरियों व नालियों पर अतिक्रमण न करें।
08. पर्यावरण को शुद्ध व सुन्दर बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
09. पोलिथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है इसलिए पॉलीथीन का प्रयोग बिलकुल न करें पर्यावरण को बचाने में सहायता करें।
10. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण निर्धारिण अवधि 21 दिवस के अन्तर्गत अवश्य निर्गत करायें।
11. 'स्वच्छ भारत मिशन ( अर्बन )' के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में आपका सहयोग अपेक्षित है।
12. ग्रीन सिटी, क्लीन सिटी के अन्तर्गत शहर को हरा-भरा एवं सुन्दर बनायें रखने हेतु शहर का प्रत्येक नागरिक वृक्षारोपण अवश्यक करें।
13. खुले में शौच पूर्णतः प्रतिबंधित है। अपने-अपने घरों में शौचालय बनाना अवश्यक है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, बिजनौर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद, बिजनौर

# कार्यालय नगर पालिका परिषद स्योहारा, जनपद - बिजनौर

स्वच्छ स्योहारा
क्लीन स्योहारा

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ उत्तर प्रदेश
ग्रीन स्योहारा

### निकाय की विगत 02 वित्तीय वर्षों की उपलब्धियां

1- निकाय द्वारा डम्पिंग ग्राउण्ड पर एकत्रित लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु ट्रोमल प्लान्ट की स्थापना कराते हुये विगत 02 वित्तीय वर्ष में 11948 टन लिगेसी पेस्ट का निस्तारण कराया गया। ट्रोमल प्लान्ट से जनित आर.डी.एफ. के निस्तारण हेतु वर्ष 2023-24 में वेस्ट टू एनर्जी प्लान्ट की स्थापना कराते हुये प्लान्ट से जनित विद्युत से निकाय के समस्त प्लान्ट का संचालन कराकर निकाय की आर्थिक स्थिति में सुधार किया गया। निकाय द्वारा वर्ष 2023-24 में ही फीकल स्लज के निस्तारण हेतु 50 के.एल.डी. के एफ.एस.टी.पी. प्लान्ट की स्थापना कराकर नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा ओ.डी.एफ.++ की श्रेणी को प्राप्त किया गया। एन.आर.एफ. प्लान्ट की स्थापना कराकर नगर से जनित कचरे को पृथक पृथक कराकर ( रबड़, लोहा, गत्ता, कॉच इत्यादि ) आय अर्जित की गयी।

2- निकाय द्वारा 14 ई- रिक्शाओं के माध्यम से नगर में शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलैक्शन एवं सेग्रीगेशन का कार्य किया जा रहा है। साथ नगर पालिका द्वारा नगर के मार्गो से कूड़े के निस्तारण यथा ( नालियों से निकलने वाला स्लज, अन्य कचरा ) हेतु 04 ट्रैक्टर ट्राली, 07 टाटा ए.सी.ई. का उपयोग किया जा रहा है।

3- नगर के चहुमुखी विकास के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा विगत 02 वर्षों में सुगम यातायात हेतु 37 सड़को, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के अन्तर्गत 50 नग सिंगल आर्म डैकोरेटिव पोल, 12 नग ओरनामेन्टल पोल एवं 400 नग अतिरिक्त एल.ई.डी. लाईटों की स्थापना करायी गयी। नगर की पेयजलापूर्ति व्यवस्था के अन्तर्गत विगत 02 वर्षो में नगर पालिका द्वारा 10125 मीटर पाईप लाइन का विस्तार एवं 04 अतिरिक्त नलकूपों का संचालन कराया गया। मिशन शक्ति फेज- 5 के अन्तर्गत नगर के मुख्य चौराहों व बाजारों में नगर पालिका द्वारा 50 नग पी.टी. जैड सी.सी.टी.वी. कैमरो की स्थापना करायी गयी है। नगर पालिका द्वारा जलकल परिसर में डिजीटल लाइब्रेरी की स्थापना कराते हुये नगर के छात्र/छात्राओं के अध्यन्न में सुविधा प्रदान की गयी है। निकाय की लाईबेरी में 350 कम्पीटिशन बुक उपलब्ध है। मौहल्ला कस्बा में बहुउद्देश्य हॉल का निर्माण कराकर नगरवासियों को कम खर्च पर हॉल उपलब्ध कराने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी।

4- निकाय द्वारा निराश्रित गौवशों की सुरक्षा हेतु आधुनिक अस्थायी गौ आश्रय स्थल का संचालन कराया जा रहा है। निकाय के अस्थायी गौ आश्रय स्थल में वर्तमान में 62 गौवंशो सुरक्षित है। निकाय का अस्थायी गौ आश्रय स्थल में विद्युत आपूर्ति 15 के.वी.ए. के सोलर प्लान्ट सिस्टम के माध्यम से की जा रही है।

5- नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा दिनांक 25 सितम्बर, 2025 से 02 अक्टूबर, 2025 तक निरन्तर 156 घण्टे महा सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें निकाय द्वारा नगर के समस्त मुख्य मार्गो की साफ- सफाई एवं 302 सी.टी.यू. को समाप्त किया गया। नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा इस अभियान के अन्तर्गत नगर में 03 स्थानो पर बड़े सी0टी0यू0 को समाप्त कर पौधारोपण, सौन्दर्यकरण एवं वॉल पेन्टिंग के कार्य किये गये।

( विजेन्द्र सिंह पाल )
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद स्योहारा, बिजनौर

( फैसल वारसी )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद स्योहारा, बिजनौर

ATHER

ATHER

दीपावली के शुभ अवसर पर

बिजनौर में खुल गया है



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901



समस्त क्षेत्रवासियों को लोकप्रिय सांध्य दैनिक

**चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर**

दिली मुबारकबाद





**परवेज आदिल माही**

शिक्षक/ समाजसेवी

इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का एक विश्वसनीय एवं प्रमुख प्रतिष्ठान

**सुपर इलेक्ट्रॉनिक्स**

( सुपर मार्केट गन्ना समिति रोड ,नगीना जनपद बिजनौर )

हमारे यहां ब्रांडेड इनवर्टर, बैट्री, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर तथा शादी विवाह के सभी सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। एक बार सेवा का अवसर दें।